ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

ANSWER SHEET – 16

Sub : Hindi Text 2nd Term **Class : IIB** **Date : 01.10.2020**

Topic : कोयल

1. कोयल को मीठी बोली किसने सिखाई है तथा और क्या-क्या सिखाया है?

उत्तर कोयल को मीठी बोली उसकी माँ ने सिखाई है। उसने यह आवाज़ अपनी माँ से पाई है। माँ ने उसे डाल-डाल पर उड़ना सिखाया है। माँ ने उसे मीठी बोली का महत्व भी बताया है तथा सबसे मीठा बोलने की सलाह दी है।

2. कोयल और कौए में क्या समानता है और क्या असमानता?

उत्तर कोयल और कौए का रंग काला होता है। कौआ कर्कश बोलता है तथा अपनी वाणी से सबको परेशान करता है। कोयल मीठा बोलती है। वह वसन्त ऋतु का सन्देश लेकर आती है। वह अपनी मीठी वाणी से सबका मन जीत लेती है।

3. कोयल कविता से आपने क्या सीखा?

उत्तर कोयल कविता से हमने सीखा की हमें भी कोयल की तरह आज्ञाकारी होना चाहिए। जिस तरह कोयल ने अपनी माँ की बात सुनी, हमे भी अपनी माँ की हर बात सुननी चाहिए। जिस तरह कोयल हमेशा मीठा बोलती है, हमें भी सदा मीठा बोलना चाहिए। मीठी वाणी सबका दिल जीत लेती है।

Sangeeta Khosla